# पृष्ठभूमि 9

तुरंत जारी करने हेतु — वित्त मंत्रालय
2021FIN0023-000744
20 अप्रैल, 2021

**बाल-संभाल: बी सी के परिवारों के लिए अब एवं आर्थिक पुन: प्राप्ति की ओर जाने के लिए सहायता**

गुणवत्ता-पूर्ण, वहन करने योग्य और समावेशी बाल-संभाल परिवारों, समुदायों और अर्थव्यवस्था के लिए बेहद ज़रूरी है। महामारी ने अर्थव्यवस्था के वाहक के रूप में बाल-संभाल की महत्ता पर बल दिया है। बाल-संभाल तक भरोसेमंद पहुँच के बिना, बहुत से माँ-बाप को अपना रोज़गार अस्थायी तौर पर छोड़ना पड़ता है, रहने के लिए किसी और समुदाय में जाना पड़ता है या और बच्चे पैदा करने के विरुद्ध फ़ैसला लेना पड़ता है। यही कारण है कि सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान, बी सी में एक यूनिवर्सल और समावेशी बाल-संभाल व्यवस्था में ऐतिहासिक निवेश किए हैं। जब परिवार अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से हिस्सा डाल सकते हैं, तो इस से कारोबार मज़बूत होते हैं, परिवारों को मदद मिलती है और बच्चों को निर्धनता की स्थिति से बाहर निकाला जा सकता है।

2018 में, सरकार ने $1-बिलियन की एक बाल-संभाल योजना आरंभ की जो कि बी सी के इतिहास में बाल-संभाल में सब से बड़ा निवेश था। हज़ारों ही बच्चों के लिए इस गुणवत्ता-पूर्ण, वहन करने योग्य और घरों के नज़दीक उपलब्ध बाल-संभाल में किए गए निवेशें से बी सी के हर भाग में परिवारों का जीवन बेहतर हुआ है। इस में शामिल है:

- पूरे बी सी में लगभग 26,000 नए लाइसेन्स-प्राप्त बाल-संभाल स्थानों के लिए माली मदद पहुँच रही है।
- चाइल्ड केयर के प्रति रिडकशन इनीशिइएटिव द्वारा 69,000 से अधिक बच्चों और उन के परिवारों के लिए पेरेंट फ़ीस में $350 प्रति महीना तक की कमी करना।
- अफ़ोरडेबल चाइल्ड केयर बेनीफिट द्वारा फ़ीस में हर महीने $1,250 प्रति बच्चा तक की कमी करना, जिस के साथ कम और मध्यम आय वाले परिवारों के 63,000 बच्चों के लिए ख़र्च को बराबर करने में मदद मिलेगी।
- लाइसेन्स-प्राप्त स्थानों में काम कर रहे अर्ली चाइल्डहुड ऐजूकेटरों (ई सी ई) के लिए वेतन में $2 प्रति घंटा की बढ़ोतरी करना।

बजट 2021 में चाइल्डकेयर बी सी, जो प्रांतीय सरकार की 10-वर्षीय योजना है, को आगे  बढ़ाने के लिए तीन वर्षों के दौरान बुनियादी माली मदद के रूप में अधिकतर $233 मिलियन द्वारा इन निवेशों में बढ़ोतरी की गई है। उन हज़ारों ही नए स्थानों के इलावा, जिन को न्यू सपेसिज़ निधि के

अंतर्गत हर वर्ष माली मदद दी जाएगी, इन निवेशों से उन परिवारों की संख्या बढ़ेगी जिन को $10 प्रति दिन या उस से कम कीमत पर बाल-संभाल मिल रही है, मूलवासी परिवारों के लिए निःशुल्क बाल-संभाल स्थानों की संख्या बढ़ेगी, और घरों के नज़दीक उच्च गुणवत्ता-पूर्ण स्थान बनाने में सहायता देने के लिए ई सी ई के वेतन में और सुधार होगा। इस से माली योजना के दौरान बाल-संभाल के लिए दी जाने वाली कुल माली मदद $2.3 बिलियन तक पहुँच गई है।

**बजट 2021 द्वारा:**

- यूनिवर्सल चाइल्ड केयर प्रोटोटाइप प्रोग्राम का दायरा बढ़ाने से उन बच्चों की संख्या दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी जिन को $10 प्रति दिन या उस से कम पर देखभाल मिल सकेगी। इस निवेश से इस प्रोग्राम में 75 और बाल-संभाल केन्द्रों का विस्तार होगा, जिस से स्थानों की संख्या लगभग 3,750 तक बढ़ जाएगी।
- सीमलेस डे पायलट प्रोग्राम का दायरा चार स्कूल डिस्ट्रिकटों से 24 तक बढ़ाने से अधिक परिवारों को स्कूलों के अहातों के भीतर ही बाल-संभाल तक पहुँच करने में मदद मिल सकेगी।
- लाइसेन्स-प्राप्त बाल-संभाल केन्द्रों में काम कर रहे लगभग 11,000 ई सी ई को सहायता मिलेगी, और ई सी ई के वेतन में वृद्धि को दोगुना कर के $4 प्रति घंटा करने से इस क्षेत्र में भरती करने और कामगारों को बरकरार रखने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।
    - 0 वेतन में इस वृद्धि से ई सी ई का औसत वेतन तकरीबन $23 प्रति घंटा तक बढ़ाने में मदद मिली है, जिस से और ज़्यादा लोग इस काम को पेशे के रुप में अपनाने के लिए प्रेरित हुए हैं।
    - एबोरिजिनल हेड स्टार्ट प्रोग्राम के लिए 400 नए स्थान बनाने में सहायता मिलेगी, जिस से पूरे बी सी में 30 से अधिक समुदायों में स्थानों की संख्या कुल मिला कर 1,000 हो जाएगी। इस प्रोग्राम के अंतर्गत एबोरिजिनल हेड स्टार्ट एसोसिएशन ऑफ़ बी सी और फ़स्ट नेशनज़ हेल्थ अथॉरिटी के साथ भागीदारियों के द्वारा मूलवासी परिवारों को साँस्कृतिक लिहाज़ से उचित बाल-संभाल और प्राथमिक शिक्षा बिना किसी कीमत के प्रदान की जाती है।
    - चाइल्डकेयर बी सी न्यू सपेसिज़ निधि द्वारा हज़ारों ही नए बाल-संभाल स्थानों के लिए सहायता मिलेगी।
    - लगभग 2,000 और ज़्यादा परिवारों को स्पोर्टिड चाइल्ड डिवेल्पमेंट एंड एबोरिजिनल स्पोर्टिड चाइल्ड डिवेल्पमेंट प्रोग्रामों तक पहुँच करने में मदद मिलेगी और उन बच्चों के लिए, जो पहले ही दाख़िला ले चुके हैं, सहायता का समय बढ़ेगा ताकि यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सके कि मदद की ज़रूरतों वाले बच्चे इन प्रोग्रामों तक मुकम्मल पहुँच हासिल कर सकें, इन में शामिल हो सकें और लाभ उठा सकें।
    - बाल-संभाल प्रदाताओं को इस महामारी के दौरान केन्द्रों को सुरक्षित रखने पर आने वाले ख़र्च में मदद देने के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा ग्रांटों के रूप में अधिकतर $20 मिलियन का निवेश किया जाएगा।

जब कोविड-19 ने बी सी पर आक्रमण किया, सरकार इस बात को ध्यान में रखते हुए कि यह परिवारों के लिए कितना ज़रूरी था, पहले से ही बाल-संभाल के क्षेत्र में निवेश करती आ रही थी। इन निवेशों की महत्ता महामारी के शुरू में और भी ज़्यादा स्पष्ट हो गई, जब कुछ माँ-बाप, विशेषकर महिलाओं को, बच्चों और बुज़ुर्ग माँ-बाप की देखभाल करने के लिए तुरंत काम से हटना पड़ा। दूसरों के लिए, इस महामारी का अर्थ था बच्चों की देखभाल करने और घर से अपनी पढ़ाई जारी रखने के साथ साथ काम करते रहने की कोशिश करने के दरम्यान भाग-दौड़ करना। बी सी के परिवारों के लिए एक यूनिवर्सल और समावेशी बाल-संभाल व्यवस्था का निर्माण करने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि वह माता-पिता जिन को देखभाल का बेहद ज़रूरी कार्य करने के लिए अपने रोज़गार या शिक्षा के उद्देश्यों से पीछे हटना पड़ा है, वह अपने पेशे या प्रशिक्षण की ओर लौट सकें।

बाल-संभाल प्रदाताओं की मदद करने के लिए और स्थानों को बंद होने से बचाने के लिए, सरकार ने 1 अप्रैल और 31 अगस्त, 2020 के दरम्यान, बाल-संभाल संचालकों को आपात माली मदद के रूप में तकरीबन $320 मिलियन मुहैया करवाए हैं। इस बात की परवाह किए बिना कि परिवारों ने बच्चों को अस्थायी तौर पर हटाने का विकल्प चुना या संचालकों ने अस्थायी तौर पर बंद करने का निर्णय लिया, कैनेडा में इस क्षेत्र के लिए इस स्तर की सहायता प्रदान करने वाला बी सी एक मात्र प्रांत था।

स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना के हिस्से के रुप में 2020-21 में अधिकतर $99 मिलियन के साथ स्वास्थ्य और सुरक्षा ग्रांटों द्वारा परिवारों और बाल-संभाल प्रदाताओं को मदद मिली है, जो एक चाइल्ड केयर रेपिड रेनोवेशन निधि और एबोरिजिनल हेड स्टार्ट लैंड-आधारित प्रॉजेक्ट है, और इस से न्यू सपेसिज़ निधि द्वारा 3,200 से अधिक बाल-संभाल स्थान बनाने में तेज़ी आई।

जैसे जैसे बी सी आर्थिक पुन: प्राप्ति की ओर कदम बढ़ा रहा है, बाल-संभाल एक मुख्य भूमिका निभाती रहेगी। गत वर्ष की घटनाओं ने इस बात पर रौशनी डाली है कि कैसे बाल-संभाल से परिवारों को सहायता मिलती है, जिस से माता पिता-विशेषकर महिलाएं-काम पर वापस जा सकती हैं। यह कारोबार मालिकों को भी सहारा देती है जो माता-पिता को भरती कर सकते हैं जब वे दोबारा श्रमिक संख्या में शामिल होते हैं, और इस से मज़बूत स्थानिक अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण करने में मदद मिलती है, जो समुदायों में सब को लाभ पहुँचाती हैं। कुल मिला कर, इन निवेशों से बाल-संभाल इस स्थिति में आ गई है कि यह परिवारों और बी सी की आर्थिक पुन: प्राप्ति में सहायता कर सके।

**संपर्क:**

वित्त मंत्रालय
मीडिया संपर्क
250 387-5710